# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पहल

## प्रलिम्सि के लिये:

[राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020](), [परख](), [पीएम-श्री](), [नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क](), [निपुण भारत मिशन](), [अकादमिक और अनुसंधान सहयोग संवर्द्धन योजना]()

## मेन्स के लिये:

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 की मुख्य विशेषताएँ**

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में **शिक्षा राज्य मंत्री** ने **भारत में** शिक्षा क्षेत्र में बदलाव के लिये [राष्ट्रीय शिक्षा नीति]() **(National Education Policy- NEP) 2020 के तहत की गई पहलों** पर लोकसभा में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020:

- **परिचय:**
  - NEP 2020 का लक्ष्य **"भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति (Global Knowledge Superpower)"** बनाना है। स्वतंत्रता के बाद से यह भारत के शिक्षा ढाँचे में तीसरा बड़ा सुधार है।
    - पहले की दो शिक्षा नीतियाँ **वर्ष 1968 और 1986 में** लाई गई थीं।
- **मुख्य विशेषताएँ:**
  - प्री-प्राइमरी स्कूल से **कक्षा 12 तक स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर सार्वभौमिक पहुँच** सुनिश्चित करना।
  - **3-6 वर्ष** के बीच के सभी बच्चों के लिये गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा सुनिश्चित करना।
  - नई पाठ्यचर्या और शैक्षणिक संरचना **(5+3+3+4)** क्रमशः **3-8, 8-11, 11-14 एवं 14-18 वर्ष** के आयु समूहों से **सुमेलित है।**
    - इसमें स्कूली शिक्षा के चार चरण शामिल हैं: मूलभूत चरण (5 वर्ष), प्रारंभिक चरण (3 वर्ष), मध्य चरण (3 वर्ष) और माध्यमिक चरण (4 वर्ष)।
  - **कला तथा विज्ञान के बीच,** पाठ्यचर्या व पाठ्येतर गतिविधियों के बीच, व्यावसायिक और शैक्षणिक धाराओं के बीच **कोई सख्त अलगाव नहीं**।
  - बहुभाषावाद और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने पर ज़ोर।
  - एक नए **राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र,** [परख (प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा एवं समग्र विकास के लिये ज्ञान का विश्लेषण)]() की स्थापना।
  - वंचित क्षेत्रों और समूहों के लिये **एक भिन्न लैंगिक समावेशन निधि और विशेष शिक्षा क्षेत्र**।

## NEP 2020 के तहत प्रमुख पहलें:

- **उभरते भारत के लिये PM स्कूल (SHRI):** [PM-SHRI योजना]() का उद्देश्य **न्यायसंगत, समावेशी और मनोरंजक स्कूली वातावरण** में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है।
  - यह देश भर में 14500 से अधिक स्कूलों के उन्नयन और विकास के लिये सितंबर 2022 में शुरू की गई एक **केंद्र प्रायोजित योजना** है।
  - **पीएम-श्री पहल** के तहत स्कूलों को अपग्रेड करने के लिये 630 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं।
- **निपुण भारत:** [‘बेहतर समझ और संख्यात्मक ज्ञान के साथ पढ़ाई में प्रवीणता के लिये राष्ट्रीय पहल- निपुण’]() (National Initiative for Proficiency in Reading with Understanding and Numeracy- NIPUN) भारत मिशन का दृष्टिकोण मूलभूत साक्षरता तथा संख्यात्मकता के सार्वभौमिक अधिग्रहण को सुनिश्चित करने हेतु एक सक्षम वातावरण बनाना है ताकि प्रत्येक बच्चा वर्ष 2026-27 तक ग्रेड 3

के अंत तक पढ़ने, लिखने और संख्यात्मकता में वांछित सीखने की दक्षता हासिल कर सके।

- **पीएम ई-विद्या**: इस पहल का उद्देश्य दीक्षा जैसे विभिन्न **ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म** प्रदान करके और देश भर के छात्रों को ई-पुस्तकें तथा ई-सामग्री प्रदान कर ऑनलाइन शिक्षा एवं **डिजिटल शिक्षण को बढ़ावा** देना है।
- **NCF FS और जादुई पिटारा:** 3 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों हेतु खेल-आधारित अध्ययन की शिक्षण सामग्री हेतु**मूलभूत चरण के लिये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा** (National Curriculum Framework for Foundational Stag- NCF FS) और **जादुई पिटारा** शुरू की गई है।
- **निष्ठा: 'नेशनल इनीसिएटिव फॉर स्कूल हेड्स एंड टीचर्स होलीस्टिक एडवांसमेंट' अर्थात् निष्ठा (National Initiative for School Heads and Teachers Holistic Advancement- NISHTHA)** भारत में शिक्षकों और स्कूल प्रधानाचार्यों के लिये एक क्षमता-निर्माण कार्यक्रम है।
- **नेशनल डिजिटल एजुकेशन आर्किटेक्चर** (NDEAR): यह वास्तुशिल्प संबंधी ब्लूप्रिंट है, जो शिक्षा से संबंधित डिजिटल प्रौद्योगिकी-आधारित अनुप्रयोगों को सक्षम बनाने हेतु मार्गदर्शक सिद्धांतों का एक सेट तैयार करता है।
- **शैक्षणिक रूपरेखा:** क्रेडिट हस्तांतरण और शैक्षणिक लचीलेपन की सुविधा के लिये**राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क** (NCrF) तथा **राष्ट्रीय उच्च शिक्षा योग्यता फ्रेमवर्क** (NHEQF) की शुरुआत।
- **शिक्षा क्षेत्र में निवेश में वृद्धि:** इस नीति के अनुसार, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों दोनों को शिक्षा क्षेत्र के लिये**सकल घरेलू उत्पाद का संयुक्त रूप से 6%** आवंटित करना होगा।
  - **इस विज़न को ध्यान में रखते हुए शिक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2020-21 के बजट की तुलना में 13.68% की वृद्धि के साथ वर्ष 2023-24 के लिये 1,12,899 करोड़ रुपए का बजट रखा है।**
- **अंतर्राष्ट्रीय परिसर/कैंपस और साझेदारी:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय विश्वविद्यालयों को विदेशों में परिसर स्थापित करने और विदेशी संस्थानों को भारत में संचालन के लिये आमंत्रित करने में सहायता करती है।
  - **ज़ांज़ीबार और अबू धाबी** में IIT परिसरों की स्थापना के लिये समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए हैं, जो भारत की वैश्विक शैक्षिक पहुँच को दर्शाता है।
- **गिफ्ट सिटी (GIFT City) में शैक्षिक नवाचार:**
  - NEP 2020 का नवाचारी दृष्टिकोण गुजरात के गिफ्ट सिटी में लागू किया गया है, जहाँ विश्व स्तरीय विदेशी विश्वविद्यालयों और संस्थानों को विशेष पाठ्यक्रम प्रदान करने की अनुमति प्राप्त है।
    - घरेलू नियमों से मुक्त इस कदम का उद्देश्य वित्तीय सेवाओं और प्रौद्योगिकी के लिये उच्च-स्तरीय मानव संसाधनों का विकास करना है।

## अन्य संबद्ध पहलें:

- **विश्व स्तरीय संस्थान योजना:** वर्ष 2017 में शुरू की गई **विश्व स्तरीय संस्थान योजना** का उद्देश्य किफायती, शीर्ष पायदान के शैक्षणिक और अनुसंधान केंद्रों का निर्माण करना है।
  - यह योजना अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिये "**प्रतिष्ठित संस्थानों**" (Institutions of Eminence- IoEs) को नामित करती है।
  - अभी तक में **आठ सार्वजनिक और चार निजी समेत 12 संस्थानों को चिह्नित किया गया है** , जो विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने की भारत की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।
- **अकादमिक नेटवर्क के लिये वैश्विक पहल (Global Initiative for Academic Network- GIAN) और SPARC:** GIAN भारत के शैक्षणिक संसाधनों को बेहतर बनाने के लिये **भारतीय मूल के वैज्ञानिकों एवं उद्यमियों सहित** अन्य वैज्ञानिकों व उद्यमियों की विशेषज्ञता का उपयोग करने पर केंद्रित है।
  - **अकादमिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने हेतु योजना (Scheme for Promotion of Academic and Research Collaboration- SPARC) भारतीय और विदेशी संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देकर अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को बेहतर बनाने का प्रयास करती है।**
  - ये पहलें अनुसंधान की गुणवत्ता में वृद्धि करने और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाती हैं।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

***??????????:***

**प्रश्न. संविधान के निम्नलिखित में से किस प्रावधान का भारत की शिक्षा पर प्रभाव पड़ता है? (2012)**

1. राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत
2. ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकाय
3. पाँचवीं अनुसूची
4. छठी अनुसूची
5. सातवीं अनुसूची

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3, 4 और 5

(c) केवल 1, 2 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर- (d)**

---

***?????:***

**प्रश्न. भारत में डिजिटिल पहल ने किस प्रकार से देश की शिक्षा व्यवस्था के संचालन में योगदान किया है? विस्तृत उत्तर दीजिये। (2020)**

**प्रश्न. जनसंख्या शिक्षा के मुख्य उद्देश्यों की विवेचना करते हुए भारत में इन्हें प्राप्त करने के उपायों पर विस्तृत प्रकाश डालिये। (2021)**

## स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/initiatives-under-national-education-policy-2020